Hindi | हिन्दी

अपनी ऊर्जा लागत बचाएं और पर्यावरण को बचाने में मदद करें

विक्टोरियन एनर्जी अपग्रेड्स (वीईयू) प्रोग्राम के साथ आप रियायती ऊर्जा-कुशल उत्पादों तक पहुंच प्राप्त कर सकते/ती हैं और अपने ऊर्जा बिलों में बचत कर सकते/ती हैं।

विक्टोरियन ऊर्जा दक्षता लक्ष्य योजना उपभोक्ता तथ्य पत्रक

VEU विक्टोरिया सरकार की एक स्वैच्छिक पहल है, जो विक्टोरियावासियों को उनके घरों और व्यवसायों में ऊर्जा-कुशल सुधार लाने के लिए प्रोत्साहन प्रदान करती है। यह बिजली के बिल घटाने और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जनों को कम करने में मदद करती है।

पात्रता

विक्टोरिया में प्रत्येक परिवार और व्यवसाय इस कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं और रियायती ऊर्जा-कुशल उत्पादों और सेवाओं तक पहुँच प्राप्त कर सकते हैं। **आपकी भागीदारी स्वैच्छिक है।**

कार्यक्रम में भाग लेना आसान है

चरण 1. उपलब्ध उत्पाद देखें।

चरण 2. अपनी ऊर्जा लागत को कम करने के लिए उन उत्पादों को चुनें जिन्हें आप इंस्टॉल करना चाहते/ती हैं।

चरण 3. मान्यता-प्राप्त प्रदाता को नियुक्त करें। आपको एक ऐसे मान्यता प्राप्त प्रदाता के साथ काम करने की आवश्यकता है, जो VEU ऊर्जा-कुशल उत्पादों को इंस्टॉल करने के लिए प्राधिकृत है। मान्यता प्राप्त प्रदाता आपके द्वारा इंस्टॉल किए जाने वाले किसी भी उत्पाद के लिए छूट या रिबेट की व्यवस्था करने के लिए भी जिम्मेदार हैं। वे आपको बताएँगे:

- आप कौन से उत्पादों का प्रयोग कर सकते/ती हैं
- आपके द्वारा चुने गए उत्पादों को कौन इंस्टॉल कर सकता है।

उपलब्ध उत्पाद या मान्यता-प्राप्त प्रदाता खोजने के लिए

VEU हेल्पडेस्क को (03) 9032 1310 पर कॉल करें

ऊर्जा अपग्रेड के बारे में जानकारी के लिए कृपया 1 दबाएं। जब आप इस विकल्प पर कनेक्शन सुनें, तो 0 दबायें।

क्या आप बधिर हैं, या आपको सुनने या बोलने की शक्ति से सम्बन्धित समस्याएँ हैं?

कृपया नेशनल रिले सेवा से 133 677 या www.relayservice.gov.au पर संपर्क करें

Victorian Energy Upgrades

VICTORIA State Government

VEU के माध्यम से अपने ऊर्जा बिलों में बचत करें

	घर-परिवार	व्यापार
वर्तमान बचत प्रति वर्ष	अपग्रेड/स के आधार पर, एक औसत घर-परिवार ऊर्जा लागतों में प्रति वर्ष $120 और $1,100 के बीच बचत कर सकता है।	आपके व्यवसाय के आकार और अपग्रेड/स के आधार पर, आप प्रति वर्ष $500 और $74,000 के बीच बचत कर सकते/ती हैं।

VEU कार्यक्रम के अधीन आपके अधिकार

VEU कार्यक्रम में उपभोक्ताओं की सुरक्षा के उद्देश्य से व्यवहार के न्यूनतम मानकों को निर्धारित करने वाली एक आचार संहिता है। यह अपग्रेड संबंधी काम करने या इसे मार्केट करने में शामिल सभी लोगों के लिए लागू होती है।

मार्केटिंग गतिविधियाँ

यदि कोई मान्यता-प्राप्त प्रदाता या उनकी ओर से संचालन करने वाला तीसरा पक्ष VEU कार्यक्रम के बारे में आपसे संपर्क करता है, तो उनके लिए आवश्यक होगा कि:

- वे आपको कार्यक्रम अपग्रेड्स केवल तभी मार्केट करते/बेचते हैं, यदि आप 18 वर्ष से अधिक आयु के हैं और प्रदान की गई जानकारी को समझने में सक्षम हैं
- वे आपको समझाते हैं कि यह कार्यक्रम स्वैच्छिक है और आपके लिए इसमें भाग लेना ज़रूरी नहीं है
- वे आपको बताते हैं कि उन्हें आपका पता कैसे मिला और वे आपके घर या व्यवसाय में क्यों आ रहे हैं
- वे बताते हैं कि वे कौन से व्यवसाय के लिए काम करते हैं
- वे हमेशा अपने पास एक पहचान पत्र रखते हैं, जिसमें एक फोटो, उनका पूरा नाम, संपर्क विवरण, ABN, और मुख्य ठेकेदार के विवरण शामिल होने चाहिए
- वे उत्पादों या सेवाओं को बेचने या मार्केट करने के लिए ऊंचे दबाव की चालबाज़ियों का उपयोग नहीं करते हैं
- वे प्रदान की जा रही वस्तुओं या सेवाओं और उनकी उपयुक्तता के बारे में सटीक जानकारी देते हैं
- वे झूठी या भ्रामक बातें नहीं बोलते हैं - इसमें यह कहना शामिल है कि वे विक्टोरिया सरकार या अत्यावश्यक सेवाएँ आयोग (Essential Services Commission) के लिए काम करते हैं, या विक्टोरिया सरकार उन्हें मार्केटिंग के उद्देश्यों के लिए निजी संपर्क जानकारी (जैसे फोन नंबर) प्रदान करती है।

उपलब्ध उत्पाद या मान्यता-प्राप्त प्रदाता खोजने के लिए

VEU हेल्पडेस्क को (03) 9032 1310 पर कॉल करें

ऊर्जा अपग्रेड के बारे में जानकारी के लिए कृपया 1 दबाएं। जब आप इस विकल्प पर कनेक्शन सुनें, तो 0 दबायें।

क्या आप बधिर हैं, या आपको सुनने या बोलने की शक्ति से सम्बन्धित समस्याएँ हैं?

कृपया नेशनल रिले सेवा से 133 677 या www.relayservice.gov.au पर संपर्क करें

Victorian Energy Upgrades

VICTORIA State Government

VEU कार्यक्रम के अधीन आपके अधिकार *जारी*

अनुबंध (कांट्रेक्ट)

यदि आप किसी मान्यता-प्राप्त प्रदाता या उनकी ओर से संचालित किसी तीसरे पक्ष के साथ काम कर रहे/ही हैं, तो उनके लिए आवश्यक होगा कि:

- वे केवल 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के ही किसी व्यक्ति के साथ अनुबंध में प्रवेश करते हैं
- वे किए जाने वाले किसी भी काम के बारे में आपको बताना और काम शुरू होने से पहले आपको इसके बारे में समझना सुनिश्चित करते हैं
- वे आपको VEU कार्यक्रम के तहत आपके अधिकारों और दायित्वों के साथ-साथ उनके द्वारा पेश किए जा अपग्रेड और अनुबंध के बारे में जानकारी देते हैं। अनुबंध में उत्पाद/सेवा, शुल्क का प्रस्ताव और किसी भी अतिरिक्त शुल्क, डीकमीशनिंग प्रक्रियाओं और कूलिंग-ऑफ अवधियों का विवरण होना चाहिए
- जो काम किया जाना है, उसके शुरू होने से पहले वे आपको उसके बारे में बताते हैं और सुनिश्चित करते हैं कि आपने उसे समझ लिया है
- यदि आप उत्पाद या सेवा के साथ आगे बढ़ते/ती हैं, तो वे आपको बताते हैं कि अपग्रेड को कौन इंस्टॉल कर रहा है
- वे आपको फोन नम्बर प्रदान करते हैं ताकि आप अपग्रेड इंस्टॉल करने वाले व्यक्ति या कम्पनी से संपर्क कर सकें।

काम का कार्यभार लेना

किसी मान्यता प्राप्त प्रदाता या उनकी ओर से संचालित किसी तीसरे पक्ष के साथ काम शुरू करते समय, उनके लिए आवश्यक होगा कि:

- वे केवल आपके द्वारा अपनी सहमति देने पर ही काम शुरू करते हैं
- यदि उन्होंने आपको काम के विवरण की सूचना नहीं दी है, तो वे काम शुरू नहीं करते हैं। इसमें समय और दिनांक, इंस्टॉल किए जाने वाले उत्पाद/सेवा और काम करने वाले व्यक्ति की जानकारी, जैसे कि उनके मान्यता-प्राप्त प्रदाता और संपर्क विवरण शामिल हो सकते हैं।
- वे केवल किसी ऐसे व्यक्ति से बात करते हैं, जिसकी आयु 18 साल से अधिक है
- काम समाप्त होने पर वे आपको अपने संपर्क विवरण देते हैं, ताकि यदि आवश्यक हो तो आप उनसे संपर्क कर सकें
- वे आपको विवाद समाधान के बारे में जानकारी और इंस्टॉल किए गए उत्पाद/सेवाओं के लिए कोई भी निर्देश और वारंटी जानकारी देते हैं।

क्या आप VEU कार्यक्रम के बारे में हमसे बात करना चाहते/ती हैं?

कृपया **(03) 9032 1310** पर कॉल करें या हमें **veu@esc.vic.gov.au** पर ई-मेल भेजें

एक उपभोक्ता के रूप में अपने अधिकारों के लिए सहायता के लिए और कहां जाएं?

यदि आप टेलीमार्केटिंग कॉल्स प्राप्त नहीं करना चाहते/ती हैं, तो आप **Do Not Call register** रजिस्टर में साइन अप कर सकते/ती हैं जो किसी भी ऑस्ट्रेलियाई या विदेशी टेलीमार्केटर के लिए आपसे संपर्क करना अवैध बनाता है, बशर्ते उन्हें अपवाद प्राप्त न हों। **www.donotcall.gov.au/** पर जाएँ या **1300 792 958 पर कॉल करें।**

यदि आपके पास झूठे या भ्रामक दावों, टेलीमार्केटिंग या डोर नॉकिंग (दरवाजे पर दस्तक देने) से जुड़ी शिकायत है, तो उपभोक्ता मामला विक्टोरिया (Consumer Affairs Victoria) से संपर्क करें। **www.consumer.vic.gov.au/contact-us** पर जाएँ या **131 450 पर कॉल करें।**